आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पोप फ्रांसिस के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आज वेटिकन सिटी की दो दिन की यात्रा पर जाएंगी।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष के पद के लिए चौथे वर्ष के कार्यकाल के लिए एस. शाहुल हमीद को अध्यक्ष चुना गया।
- पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जागरूकता उत्पन्न करने के लिए अभियान ।
- भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में 'सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार – 2026' नामक वार्षिक राष्ट्रीय पुरस्कार की घेषणा की है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पोप फ्रांसिस के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आज वेटिकन सिटी की दो दिन की यात्रा पर जाएंगी। राष्ट्रपति मुर्मु वहां भारत सरकार और नागरिकों की ओर से संवेदना व्यक्त करेंगी।

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति आज सेंट पीटर बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। राष्ट्रपति कल उनके अंतिम संस्कार में शामिल होंगी। इसमें विश्व भर के अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित रहेंगे।

पोप फ्रांसिस का इक्कीस अप्रैल को निधन हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा था कि भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा संजो कर रखा जाएगा।

भारत ने पोप फ्रांसिस के निधन पर तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष के पद के लिए चौथे वर्ष के कार्यकाल के लिए उपायुक्त अर्जन शर्मा की अध्यक्षता में परिषद के कॉन्फ्रेन्स हॉल में कल सुबह चुनाव किया गया। चुनाव में वार्ड नम्बर–एक के पार्षद एस. शहुल हमीद को चौथे वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना गया हैं। कल से शुरू होने वाले श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के चौथे वर्ष के कार्यकाल के लिए नव–निर्वाचित अध्यक्ष को आज शाम चार बजे परिषद के सम्मेलन कक्ष में शपथ दिलाई जाएगी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, मई और जून के महीने में संभावित रूप से एक 'फिल्म महोत्सव' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में, विभाग सिनेमा के क्षेत्र में अपने काम को प्रदर्शित करने के लिए फिल्म निर्माताओं और रचनात्मक कहानीकारों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव में विभिन्न शैलियों की फिल्मों का चयन किया जाएगा, जो स्थानीय दर्शकों को एक समृद्ध सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगा और रचनाकारों को अपने काम को व्यापक दर्शकों के सामने पेश करने का अवसर देगा। द्वीपसमूह और बाहर के इच्छुक फिल्म निर्माता संगठन और वितरक, लघु फिल्मों, वृत्तचित्रों या फीचर फिल्मों की स्क्रीनिंग में आगे आ सकते हैं। इस फिल्म महोत्सव के दौरान बिना किसी शुल्क के अच्छी फिल्मों की स्क्रीनिंग में रुचि रखने वाले व्यक्ति या एजेंसियों को निदेशक कला एवं संस्कृति को अपनी प्रविष्टियां जमा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर जाकर या फोन से संपर्क कर सकते हैं। प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि दो मई है।

<><><><><><><>

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत मध्योत्तर अंडमान में जागरूकता उत्पन्न करने और योजना के तहत लक्षित समूह के नामांकन को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया गया। संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण विकास विभाग और ग्राम पंचायत की भागीदारी से रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर तहसील में तीन शिविर आयोजित किए गए। तहसील के सहायक आयुक्तों ने अभियान का नेतृत्व किया है और उद्योग निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में योजना के महत्व और कारीगरों की सामाजिक आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए प्राप्त किए जा सकने वाले लाभों पर विचार–विमर्श किया गया। उद्योग विभाग के उप निदेशक अजीत आनंद ने योजना के बारे में जानकारी दी है–

<><><><><><><>

भारत सरकार की मिशन शक्ति योजना के तहत, यूटी प्रशासन वन स्टॉप सेंटर योजना को लागू कर रहा है, जो निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर संकट के दौरान हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सहायता प्रदान करता है। वन स्टॉप सेंटर तत्काल, आपातकालीन, गैर–आपातकालीन सेवाओं की सुविधा के लिए एक ही छत के नीचे काम कर रहे हैं, जिसमें चिकित्सा, कानूनी, न्यूनतम पांच दिन का अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक और परामर्श सहायता सहित कई तरह की सेवाएं शामिल हैं, ताकि महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा से लड़ा जा सके। दक्षिण अंडमान ज़िले में आयुष अस्पताल के पास जंगलीघाट में, मध्योत्तर अंडमान के मायाबंदर में क्षेत्रीय पुस्तकालय भवन में और निकोबार में पेरका मुख्यालय में तीन वन स्टॉप सेंटर काम कर रहे हैं। संकटग्रस्त महिलाएं फोन के माध्यम से भी इन वन–स्टॉप सेंटर से संपर्क कर सकते। इसी तरह, वी आई पी रोड स्थित समाज कल्याण निदेशालय के तहत महिला एवं बाल नियंत्रण कक्ष कार्यरत है, जिसमें महिला हेल्पलाइन–181 और चाइल्ड हेल्पलाइन–1098 संकट या हिंसा का सामना कर रही महिलाओं और बच्चों के लिए दिन में चौबीस घण्टे आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के रूप में कार्य करती हैं। पीड़ित महिलाओं से कहा गया है कि आवश्यकता पड़ने पर वे संबंधित जिला वन स्टॉप सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के लिए 'सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार – 2026' नामक एक वार्षिक राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की है। वर्ष 2026 के लिए पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र https//awards.gov.in की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भरा जा सकता है। वर्ष 2026 के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन करने के लिए लिंक अंडमान और निकोबार प्रशासन और आपदा प्रबंधन निदेशालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तीस सितम्बर है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज'"मलेरिया हमारे साथ समाप्त होता है–पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन'' विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। उप–निदेशक–मलेरिया डॉ. बी. अजीत कुमार विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे।

कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर–दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का जायजा लेने के लिए, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने कल कार्मल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने घर के आस–पास भी स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी छात्रों से हानिकारक पदार्थों से दूर रहते हुए खुद को फिट रखने का भी आग्रह किया। श्री लाल ने सभी से पानी बचाने का अनुरोध किया। इस दौरान उनके साथ प्रधानाध्यापिका सिस्टर अल्फोंसा उपस्थित थी।

<><><><><><><>